D.Ed. ODL 2014-15 में केन्द्र परिवर्तन से संबंधित निर्देश

प्रशिक्षार्थियों का केन्द्र परिवर्तन केवल दो आधारों पर ही नीचे दी गई प्रक्रियानुसार केन्द्र स्तर पर किया जा सकेगा–

(A) स्थानांतरण प्रकरणों के आधार पर।

(B) किसी विकासखंड में दो केन्द्र होने पर उसी विकासखंड के एक केन्द्र से दूसरे केन्द्र में यथोचित कारण एवं दोनों केन्द्रों की सहमति के आधार पर केन्द्र परिवर्तन।

इन दो आधारों के अतिरिक्त अन्य किसी कारण से केन्द्र परिवर्तन के आवेदन एस.सी.ई.आर.टी.में प्राप्त होने पर संचालक द्वारा इन पर निर्णय लिए जावेंगे।

(A) स्थानांतरण प्रकरणों में केन्द्र परिवर्तन की प्रक्रिया–

1. अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करेगे कि उनका स्थानांतरण विभाग के द्वारा हुआ है एवं आदेश की प्रति उनके पास है एवं जिनका पूर्व का असाइन्मेट , प्रोजेक्ट एवं शालेय कार्य चिंतन मनन कार्य पूर्ण हो चुका है एवं D.Ed. ODL की परीक्षा (वर्ष 2014) देने से वंचित नहीं किया गया है ऐसे अभ्यर्थी वर्तमान अध्ययनरत केन्द्र में जाकर स्थानांतरण हेतु आवेदन कर सकते हैं।
2. **आवेदन करने** की **प्रक्रिया** :-

   2.1 अभ्यर्थी केन्द्र परिवर्तन हेतु प्रारुप (प्रपत्र क. 1 एवं प्रपत्र क्र. 2) दूरस्थ शिक्षा के वेबसाईट distanceded.scertcg.com से अथवा scert.cg.gov.in से डाउनलोड कर प्रपत्र क्र. 1 को पूर्णत: भर कर प्रपत्र क. 2 एवं स्थानांतरण आदेश की प्रति एवं नये विद्यालय में कार्यभार ग्रहण प्रतिवेदन की प्रति संलग्न कर केन्द्र पर जमा करेगें ।

   2.2 केन्द्र के द्वारा distanceded.scertcg.com वेबसाईट में स्थानांतरण करने के पश्चात प्रपत्र क. 2 केन्द्र के द्वारा भरा हुआ प्राप्त करेंगे। इसके पश्चात स्थानांतरण प्रति , कार्यभार ग्रहण प्रति , एवं मूल प्रपत्र क. 2 को नये आबंटित केन्द्र पर जमा कर प्रवेश लेगें ।

(B) किसी विकासखंड में दो केन्द्र होने पर उसी विकासखंड के एक केन्द्र से दूसरे केन्द्र में यथोचित कारण एवं दोनों केन्द्रों की सहमति के आधार पर केन्द्र परिवर्तन की प्रक्रिया–

1. अभ्यर्थी यह सुनिश्चित करें कि स्थानांतरण की मांग उचित है एवं उसी विकासखंड का अन्य केन्द्र उसके पदस्थापना स्थल से नजदीक है

2. आवेदन करने की प्रक्रिया– प्रशिक्षार्थी अपने संबंधित केन्द्र को आवेदन करेंगे, केन्द्र प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रशिक्षार्थी के लिये उसी विकासखंड का अन्य केन्द्र उसके

पदस्थापना स्थल से नजदीक है एवं स्थानांतरण की कार्यवाही 20-24 अगस्त 2014 के मध्य पूर्ण करेंगें।

<u>अभ्यर्थियों के केन्द्र परिवर्तन हेतु केन्द्रों को निर्देश</u>

(A) स्थानांतरण प्रकरणों में केन्द्र परिवर्तन हेतु –

1. केन्द्र प्रभारी **यह सुनिश्चित करेगें** कि **अभ्यर्थी का स्थानांतरण संबन्धित** विभाग से **हुआ है , इस हेतु स्थानांतरण आदेश की प्रति एवं स्थानांतरित विद्यालय में कार्यभार ग्रहण की प्रति एवं स्थानांतरण से सम्बन्धित** प्रपत्र क्र.– 1 **अभ्यर्थी से** प्राप्त **कर जमा करें।**
2. **स्थानांतरण करने से पूर्व केन्द्र प्रभारी यह सुनिश्चित करेगें कि अभ्यर्थी** द्वारा **सभी असाइन्मेट , प्रोजेक्ट एवं शालेय चिंतन मनन** कार्यक्रम संबंधी प्रपत्र **जमा किया जा चुका है एवं** D.Ed. ODL **की** परीक्षा (वर्ष 2014) देने से वंचित नहीं किया गया था। **इस हेतु अभ्यर्थी से लिखित में आवेदन लेना है ।**
3. **अभ्यर्थी का** केन्द्र परिवर्तन **केवल नये** पदांकित **विद्यालय से सम्बन्धित विकासखंड के केन्द्र में ही किया जाना है ।**
4. **किसी भी परिस्थिति में बिना स्थानांतरण आदेश के अभ्यर्थी का** केन्द्र परिवर्तन **केन्द्रो द्वारा नहीं किया जाना है ।**
5. केन्द्र परिवर्तन **करने हेतु** D.Ed. ODL **की ऑनलाईन वेबसाईट** distanceded.scertcg.com **पर** Login **कर** Transfer Candidate **लिंक को क्लिक करे इसके पश्चात अभ्यर्थी का आवेदन पत्र** क्र. **प्रवेशित कर** Submit **करे, आपको** अभ्यर्थी का विवरण दिखेगा, सम्बन्धित जिला,विकासखण्ड,केन्द्र एवं अन्य विवरण को प्रवेशित कर **Transfer** बटन को क्लिक करना है इसके पश्चात *आपको एक* स्थानांतरण क्र. मिलेगा जिसे नोट कर प्रपत्र क्र.– 2 में अंकित करना है।

(B) किसी विकासखंड में दो केन्द्र होने पर उसी विकासखंड के एक केन्द्र से दूसरे केन्द्र में यथोचित कारण एवं दोनों केन्द्रों की सहमति के आधार पर केन्द्र परिवर्तन की प्रक्रिया–

1.यदि किसी प्रशिक्षार्थी द्वारा दूरी या किन्हीं अन्य उचित कारणों के आधार पर जहॉ वह कार्यरत है उसी विकासखंड के दूसरे अध्ययन केन्द्र में केन्द्र परिवर्तन हेतु आवेदन किया जाता है तो इस हेतु वर्तमान अध्ययन केन्द्र के केन्द्र प्रभारी व परिवर्तन किए जाने वाले अध्ययन केन्द्र के केन्द्र प्रभारी दोनों के द्वारा दिए गए लिखित सहमति पत्र के आधार पर ही केन्द्र परिवर्तन किया जाना है।

2. इस प्रकार के केन्द्र परिवर्तन हेतु D.Ed. ODL **की ऑनलाईन वेबसाईट** distanceded.scertcg.com **पर** Login **कर**_ transfer candidate **लिंक को क्लिक करेंगें एवं ट्रांसफर करेंगें जिससे** आपको एक **ट्रांसफर** कमांक मिलेगा जिसे नोट कर प्रपत्र–3 में अंकित करना है।

संलग्न:

1. प्रपत्र क्रमांक-01
2. प्रपत्र क्रमांक-02
3. प्रपत्र क्रमांक-03

विशेष नोट:

1. सभी स्थानांतरण प्रकरणों में केन्द्र परिवर्तन दिनांक 20 से 24 अगस्त तक लगने वाले सम्पर्क कार्यक्रम में पूर्ण कर लिया जाना है।

2. सभी नये केन्द्र अपने कम्प्यूटर ऑपरेटर से पुष्टि कर लें कि आपके संस्था में स्थानांतर से आये नये प्रशिक्षार्थी का नाम आपके केन्द्र की सूची में आ गया है, यदि स्थानांतर से आये नये प्रशिक्षार्थी का नाम आपके केन्द्र की सूची में नहीं है तो संबंधित केन्द्र के कम्प्यूटर ऑपरेटर से बात करें।

3. ऐसे किसी भी प्रशिक्षार्थी को सम्पर्क कार्यक्रम में भाग न लेने दें जिनका नाम आपके केन्द्र की सूची में नहीं है।

4. 2013-14 के समस्त प्रशिक्षार्थी (जिन्हे कम उपस्थिति के कारण परीक्षा से वंचित किया गया है वे भी) डी.एड. दूरस्थ शिक्षा के द्वितीय वर्ष (2014-15) के सम्पर्क कार्यकम में भाग लेंगें।

D.Ed. ODL 2014-15 में केन्द्र परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र - (प्रपत्र क्रमांक -1)

(केवल स्थानांतरण प्रकरण हेतु)

प्रति,
केन्द्र प्रभारी

केन्द्र का नाम ,................................

केन्द्र क्र...

महोदय,

मैं नाम .... आवेदन पत्र क्र.. आपके केन्द्र मे वर्तमान में (अध्ययनरत वर्ष) ....का D.Ed. ODL का अभ्यर्थी हूं । मेरा स्थानांतरण विभाग ...., के द्वारा संस्था / विद्यालय .... विकासखंड .... , जिला.. में हो गया है , जिसका स्थानांतरण आदेश क्रं.................................... एवं स्थानांतरण दिनांक .... है । मेरे द्वारा पूर्व में अध्ध्यनरत वर्ष .... का सभी असाइन्मेट , प्रोजेक्ट एवं शालेय चिंतन मनन कार्य आपके केन्द्र में जमा किया जा चुका है एवं मुझे परीक्षा (वर्ष 2014) देने से वंचित नहीं किया गया था।

मैं यह घोषणा करता हूं कि मेरे द्वारा उपरोक्त दी गई जानकारी सत्य है , यदि बाद में किसी प्रकार की असत्य जानकारी पाई जाती है, तो मुझ पर आवश्यक विभागीय कार्यवाही की जा सकेगी ।

स्थान .... अभ्यर्थी का हस्ताक्षर

दिनांक .... अभ्यर्थी का नाम.........................

वर्तमान पद ....

आवेदन पत्र क्र / नामांकन क्र...............

नोट - स्थानांतरण आदेश एवं कार्यभार ग्रहण की प्रति संलग्न करें।

स्थानांतरण प्रकरणो में D.Ed. ODL केन्द्र परिवर्तन की कार्यवाही के पश्चात नये केन्द्रो को पूर्व केन्द्र द्वारा दी गयी जानकारी का विवरण । (प्रपत्र क्र. -2)

पत्र क्रमांक -...................... दिनांक -.........................

प्रति,

केन्द्र प्रभारी

स्थानातरित केन्द्र का नाम ....

केन्द्र क्रं...

विषय - स्थानांतरण...की जानकारी ।

महोदय ,

ज्ञात हो कि अभ्यर्थी नाम... जिसका आवेदन पत्र क्र. /नामाकंन क्र. .... है का स्थानांतरण आपके केन्द्र में किया गया है । अत: अभ्यर्थी को अपने केन्द्र मे प्रवेश देवे ।

D.Ed. ODL आनलाइन साफ़्टवेयर के द्वारा स्थानांतरण के पश्चात आबंटित किया गया स्थानांतरण क्रमांक .... है ।

दिनांक .... केन्द्र प्रभारी

स्थान .... केन्द्र का नाम ....

केन्द्र क्रं............................

केन्द्र की सील

<u>दूरी अथवा अन्य यथोचित कारणों से केन्द्र परिवर्तन के प्रकरणों में केन्द्र परिवर्तन की कार्यवाही के पश्चात् नये केन्द्रो को पूर्व केन्द्र द्वारा दी गयी जानकारी का विवरण । (प्रपत्र क्र.–3)</u>

1. प्रशिक्षार्थी का नामः ---------------------------
2. प्रशिक्षार्थी का वर्तमान पदस्थापना का स्थान -----------------------------
3. प्रशिक्षार्थी का वर्तमान अध्ययन केन्द्र का नाम ----------------------------
4. प्रशिक्षार्थी का वर्तमान पदस्थापना से वर्तमान अध्ययन केन्द्र की दूरी -----------
5. प्रशिक्षार्थी द्वारा अपने ही विकासखंड के अन्य अध्ययन केन्द्र में स्थानांतरण हेतु आवेदन का

   कारण ---

----

6. प्रशिक्षार्थी के वर्तमान केन्द्र प्रभारी तथा स्थानांतरण हेतु चाहे गये अध्ययन केन्द्र के केन्द्र प्रभारी द्वारा आपसी सहमति से लिये गये निर्णय के द्वारा प्रशिक्षार्थी अपने पदस्थापना के विकासखण्ड के अंतर्गत (यदि उस विकासखण्ड में एक से अधिक केन्द्र हो तो) स्थानांतरण हेतु आवेदन कर सकते हैं। इस हेतु दोनों केन्द्रों के केन्द्र प्रभारी ही निर्णय लेंगें, इस कार्य हेतु किसी भी प्रशिक्षार्थी को एस.सी.ई.आर.टी. न भेजें।

7. आपसी सहमति से दोनों केन्द्र प्रभारियों द्वारा लिया गया निर्णयः

दिनांक ....

स्थान ....

केन्द्र प्रभारी

केन्द्र का नाम ....

केन्द्र क्रं............................

केन्द्र की सील